सार-समाचार

रामनवमी पर्व श्रद्धा से मनाया

रावतभाटा, (निसं)। रावतभाटा उपखंड क्षेत्र के ग्रामीण अंचल एवं नगर में चैत्र नवरात्रा के नवें दिन रामनवमीं पर रविवार को कई धार्मिक अनुश्ठान कार्यक्रम आयोजित किए गए। क्षेत्र के विभिन्न मंदिरो पर यज्ञ, हवन, पूजा अर्चना अनुश्ठान अभिशेक व भण्डारे आदि हुए। तथा अन्य देवालयों में भी रामायण पाठ, भजन-कीर्तन विषेश महा आरती के आयोजन हुए। रामनवमी पर श्रद्वालुओं की भीड़ उमड़ी। सवेरे से देर रात तक स्थानीय और दूरदराज से आए सैकड़ो भक्तों ने माता जी के व अन्य देवी देवताओं के मन्दिर में षीष झुकाया। बड़ी संख्या में नगरवासी सवेरे बाद पैदल ही क्षेत्र के विभिन्न षक्ति पीठों पर दर्षन किए। मन्दिरों में दोपहर में रामनवमी के मौके पर हवन किया गया। पड़ितो ने मंत्रोच्चर के साथ हवन सम्पन्न कराया। मन्दिर में दिन भर भक्तो की भीड़ रही। श्रद्वालुओं को दर्षनों के लिए कतार में खड़ा रहना पड़ा। मन्दिरो में गर्मी को देखते हुए छाया पानी का माकुल प्रबंध किया गया। पैदल यात्रियो और विभिन्न वाहनों की आवाजाही इस सड़क मार्ग पर दिन भर नजर आई। चैत्र नवरात्रा के अवसर पर रविवार को रामनवमी पर्व पर श्रद्वा और उत्साह से मनाया गया। राम मन्दिरो समेत विभिन्न देवालयो से दोपहर में विषेश महाआरती की जाकर पंजेरी एंव पांचायृत का प्रसाद वितरित किया गया। रामनवमी पर्व के साथ ही नौं दिवसीय चैत्र नवरात्र महोत्सव का सम्मापन हुआ। तथा कई जगह अश्टमी तो कई जगहो नवमी पर नवरात्रा महोत्सव का समापन हुआ। कई जगहों पर शोभायात्रा निकाली गई। अरावली एवं विंध्याचल पर्वत श्रृख्ंला के मध्य प्राचीन मेवाड राज्य की गौरवषाली ऐतिहासिक धरती पर विराजित एवं सुषौभित जोगणिया माताजी मन्दिर, श्री अनोखेराज हनुमान मन्दिर, कोटड़ा बालाजी, चारभुजा हनुमान मन्दिर, कोलीपुरा हनुमान मन्दिर, भैंसरोड़गढ़ श्री संकट मोचन हनुमान मन्दिर सहित कई मन्दिरो पर कार्यक्रम आयोजित हुए। रामनवमी का पर्व मंगलमय और आन्नदवर्द्वक हो इसके लिए आस-पास के ग्रामीण अंचल से भी लोग बढ़-चढ़ कर भाग ले रहें है। इस अवसर पर लोग आनन्दित होकर त्यौहार मना रहें हैं। इन मन्दिरो को देखकर श्रृद्वालु अभिभूत हो रहें हैं।

एमबीसीए प्रीमियर लीग प्रतियोगिता 17 से

कोटा, (निसं)। मास्टर ब्लास्टर क्रिकेट अकेडमी कोटा के तत्वाधान में 17 अप्रैल से एमबीसीए प्रीमीयर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। मास्टर ब्लास्टर क्रिकेट अकेडमी के संयोजक अभिमन्यु शर्मा ने बताया कि आईपीएल की तर्ज पर प्रतियोगिता में फ्रेंचाइजी आधारित टीमों के लिए खिलाड़ियों की नीलामी की गई। प्रतियोगिता के लिए पहली टीम चैलेंजर्स 11 के टीम ओनर अमन जैन, टीम कोच रक्षित नामा और आइकॉन प्लेयर शोभित जैन, दूसरी टीम हाड़ौती हरिकेंस के ओनर विनोद शर्मा, कोच भावेश भट्ट ओर आइकॉन प्लेयर कल्पित गौतम, तीसरी टीम लवीश सुपर किंग्स के ओनर संजय मंगल, कोच प्रियांशु मेघवाल ओर आइकॉन प्लेयर सारांश मंगल, चौथी टीम एमवी राइडर्स के ओनर शोभित पटेल, कोच राजू, आइकॉन प्लेयर कार्तिक भट्ट, पांचवीं टीम राइजिंग स्टार्स के ओनर अंकित जैन, कोच प्रशांत त्यागी, आइकॉन प्लेयर अनय नागर, छठी टीम साक्षी सॉफ्टवेयर बिग ब्लास्टर्स के ओनर अभिषेक व्यास, कोच आकाश मौर्य, आइकॉन प्लेयर प्रिंस मीणा, सातवीं टीम थंडरबोल्ट्स के ओनर अभिनव सोमानी, कोच विशेष चौधरी, आइकॉन प्लेयर दक्षत जैन ओर आठवीं टीम अर्बन वुल्फ के ओनर नितिन भल्ला, कोच मोहम्मद शाकिब, आइकॉन प्लेयर ध्रुव मालव ने कुल 104 खिलाड़ियों में से अपनी टीमों हेतु खिलाड़ियों का चयन किया। अभिमन्यु शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए 10 अप्रैल को ट्रॉफी अनावरण, 13 अप्रैल को टीम जर्सी लॉन्चिंग तथा 17 अप्रैल को भव्य कार्यक्रम के साथ मैचों की शुरुआत की जाएगी।

एक किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। रानपुरा पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ एक किलो गांजा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत समस्त थानाधिकारियों को अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिये निर्देश दिये गये है। शहर एसपी ने बताया कि रानपुर थानाधिकारी रामविलास मीणा मय जाप्ता इलाके में गश्त करते हुए भीमपुरा पुलिया के पास झालावाड़ सें कोटा आने वाले हाईवे की स्लिप लाईन रोड़ पर पहुंचे, जहां पर एक व्यक्ति पुलिस की गाड़ी को अपनी ओर आता देखकर तेज कदमों से एकदम जाने लगा। जिस पर संदेह होने पर उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास मौजूद प्लास्टिक की थैली को चैक किया तो अवैध मादक पदार्थ 1 किलो 173 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस टीम ने मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए रंगबाड़ी निवासी रवि राजपूत (18) को गिरफ्तार किया है। पकडे गये आरोपी से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में अनुसंधान जारी है।

श्रीराम जानकी मंदिर का भूमि पूजन हुआ

झालावाड़ (निसं)। राडी के बालाजी के तत्वावधान में श्रीराम जानकी मंदिर का भूमि पूजन सम्पपन हुआ, भव्य आतिशबाज़ी के साथ रावण दहन आज श्री महावीर सेवादल श्री राडी के बालाजी के तत्वावधान में आज श्री राम जानकी मंदिर का भूमि पूजन सम्पपन हुआ। श्री महावीर सेवा दल के अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि श्री पीपा पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर झंकारेश्वर त्यागी जी महाराज परम सानिध्य में भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि जान सहयोग के माध्यम से करवाया इस मंदिर का प्रस्तावित नक्शा तैयार कार लिया गया है सोमवार विजयदशमी के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रावण दहन का कर्यक्रम आयोजित होगा जिसमे मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौर एवं जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर होंगी। उन्होंने बताया की सेवादल के कार्यकर्ता रावण दहन का विजय जुलुस अखाड़े आतिशबाजी झांकिया ढोल नगाड़ो के साथ सांय 3 बजे पंचमुखी बालाजी से पूजा अर्चना करने के बाद प्रारम्भ होगा जो शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ राडी के बालाजी दशहरा मैदान पुहंचेगा। यहां 35 फिट का रावण दहन होगा छीपाबड़ौद के शोरगार भव्य आतिशबाजी करेंगे और रावण दहन होगा।

अफीम डोडा-चूरा सहित तस्कर गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। अवैध मादक पदार्थो की तस्करी व तस्करों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है मादक पदार्थ की तस्करी को ट्रेन के माध्यम से रोकने के लिये आरपीएफ व जीआरपी पुलिस द्वारा कार्यवाही की जाती है। उसी के तहत कोटा मंडल के गंगापुर रेलवे स्टेशन पर गश्त के दौरान रेल सुरक्षा बल पोस्ट गंगापुर सिटी उपनिरीक्षक अशोक मीणा व जीआरपी गंगापुर सिटी एसएचओ दलबीर सिंह ने मय जाप्ता कार्यवाही करते हुए गंगापुर सिटी स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक पर स्थित यात्री प्रतीक्षालय में एक व्यक्ति को एक पिट्ठू बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में पकड़ा व पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सुरेंद्र सिंह (65) निवासी पटियाला पंजाब बताया पुलिस ने संदेह होने पर पिट्ठू बैग को खोल कर देखा तो उसमें 10 किलो 300 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा मिला जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 40,000 रुपए आंकी गई। जिस पर जीआरपी गंगापुर सिटी द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पाटियाला पंजाब निवासी सुरेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

शोक संतृप्त परिवारों को ढांढस बंधाया

छबड़ा (निसं)। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने भाजपा कार्यालय पर आमजन के अभाव अभियोग सुने और संबंधित अधिकारियों को समस्याओ के निराकरण के निर्देश दिए। इसके बाद सिंघवी ने मनोज गोलेछा के पिता चांदमल गोलेछा, मोहन चौधरी की पत्नी, देवेन्द्र शर्मा की पुत्री, बुद्विप्रकाश गालव की पत्नी के निधन एवं भूलोन में हरगोविन्द मीणा की माता के निधन पर संवेदना व्यक्त कर शौक संतृप्त परिवारो को ढांढस बंधाया।

आकाश संस्थान में 'सर्व मंगल मंगल्ये' की बयार बही

कोटा, (निसं)। कोटा स्थित आकाश संस्थान में रविवार को चैत्रीय नवरात्र एवं रामनवमी के उपलक्ष्य में हवन-पूजन विधिवत् सम्पन्न हुआ। इस पवित्र कार्यक्रम का आरम्भ विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चारण से हुआ। इस अवसर पर राजस्थान आकाश संस्थान के निदेशक, शिक्षकगण एवं समस्त कर्मचारियों ने हवन में आहुतियाँ अर्पित कर सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की तथा प्रसाद का वितरण किया गया।

धन का व्यय वंचित वर्ग के कल्याण के लिए करें लक्ष्मीपुत्र : संदीप शर्मा

कोटा, (निसं)। श्री अग्रसेन संस्कार सेवा समिति द्वारा रविवार को श्रीरामधाम आश्रम रावतभाटा रोड पर अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल व महामंत्री अशोक अग्रवाल ने बताया कि परिचय सम्मेलन का आगाज विधिवत महाराज अग्रसेन की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

- अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन
- खर्चीली शादी व छोटे परिवार चिन्ता का विषय : विवेक राजवंशी

कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन को संबोधित किया।

महिलाओं द्वारा गणेश वंदना की गई। कार्यक्रम के सहसंयोजक जगदीश अग्रवाल चुनावाले ने बताया कि मुख्य अतिथि विधायक संदीप शर्मा तथा निगम में नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी थे। इस दौरान 105 युवक युवतियों और उनके परिजनों ने मंच से परिचय दिया।

संबोधित करते हुए विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि अग्रवाल समाज ने सदैव लक्ष्मी पुत्र होने का कर्तव्य निभाया है। अग्रवाल समाज धन का व्यय वंचित वर्ग के कल्याण के लिए करता है। जहां लोगों का आवश्यकता होती है, अग्रवाल समाज सदैव खड़ा रहता है। इसीलिए इस समाज का भारत की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान है। विवेक राजवंशी ने कहा कि समाज के लिए परिचय परिचय सम्मेलन एक माध्यम है। जिससे आप विवाह योग्य युवक-युवतियों से एक मंच पर रूबरू हो सकते हो और सूचना का आदान-प्रदान कर सकते हो। आज मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए खर्चीली शादी व छोटे परिवार चिन्ता का विषय बन गए हैं।

इस अवसर पर अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, महामंत्री अशोक अग्रवाल, प्रवक्ता संजय गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश अग्रवाल चूनेवाले, परमानंद गर्ग, राजकुमार गोयल, लक्की गोयल, ललित ऐरन, सुरेश बंसल, संरक्षक टीसी गुप्ता ने मिलकर समन्वय टीम द्वारा उनके परिवारजनो का युवती पक्ष से आपसी मंत्रणा करवाते हुए परिचय करवाया।

परमानंद गर्ग ने बताया कि युवती का परिचय पुष्पा गर्ग चेयरपर्सन महाराजा श्री अग्रसेन सोश्यल ग्रुप के नेतृत्व मे सभांगीय महिला अध्यक्ष सपना गोयल, कमलेश गोयल, हर्षिता, महक गर्ग, अनिता गोयल, वर्षा गोयल, प्रमिला, नीता, शशि, उषा बंसल, संगीता, दिपीका, रूचि अग्रवाल, अनिता मित्तल, ज्योति, पुष्पा गोयल, मीना, लक्ष्मी, मेघा गोयल द्वारा परिचय करवा कर समन्वय करवाया गया। परिचय सम्मेलन में छीपाबड़ौद, जयपुर, उदयपुर, मकराना, श्योपुर कलां, खातौली, ईटावा, सुल्तानपुर, बून्दी, टोंक, झालावाड़, गुजरात से भी अभिभावक और युवक युवती आए थे। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष टीसी गुप्ता, सुनील गर्ग, जगदीश अग्रवाल प्रोपर्टी, महिला अध्यक्ष रुची अग्रवाल, महामंत्री अनीता मित्तल, डॉ. आरके राजवंशी, टीकम खांडवाला, हनुमान गुप्ता, महावीर जैन, लोकेश गोयल, सुरेश अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, राजकुमार गोयल उपस्थित थे।

कोई शर्माया तो किसी ने बेबाकी से दिया परिचय:- मेरा नाम वंदना है, एमएससी बीए किया है। माता ग्रहणी है दो भाइयों की में सबसे छोटी बहन हूँ यह नजारा था रविवार को आयोजित एक दिवसीय परिचय युवक-युवती परिचय सम्मेलन। इस दौरान लड़कों व लड़कियों ने अपना परिचय बेबाकी दिया तो कुछ ने परिचय देने के लिए मंच से सहायक की सहायता ली। ज्योतिषाचार्य प्रमिला गुप्ता ने नि:शुल्क कुंडली मिलान किया

तलाक के बढ़ते मामले पर चिन्ता व्यक्त की:- प्रवक्ता संजय गोयल व परमानन्द गर्ग ने बताया कि मंच पर ही रिश्ते हो इस धारणा के विपरीत परिचय सम्मेलन का फोकस इस बात पर है कि यहां युवक-युवती आपस में एक-दूसरे को देख ले समझ लें। फिर घर परिवार देखने के बाद ही रिश्ता जोड़ें। इसके बाद में रिश्ता स्थाई हो, क्योंकि जिस तेजी से रिश्ते हो रहे हैं उसी तेजी से टूट भी रहे हैं।

आवारा मवेशियों व कुत्तों के आतंक परेशान हैं क्षेत्रवासी

कोटा, (निसं)। शहर में आवारा मवेशियों की तादाद बढ़ने से शहरवासी काफी परेशान हैं। कई बार ये आपस में ही लड़कर वाहनों को क्षतिग्रस्त करते हैं तो कई बार जानलेवा हमले कर बेकसूर बच्चों व लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ऐसी ही एक घटना रविवार दोपहर को महावीर नगर प्रथम स्थित पत्रकार कॉलोनी की सामने आई है, जिसमें एक सांड ने यहां स्थित चम्बल जेरोक्स नामक एक दुकान में लगे कांच को अपने सींगों से तोड़ दिया। घटना दोपहर की है, घटना के वक्त दुकान मालिक दुकान में नहीं थे, पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में इन दिनों आवारा मवेशियों एवं कुत्तों की संख्या काफी बढ़ गई है। कुत्तों का तो आतंक इतना है कि कब किस पर हमला कर दें, पता नहीं। कुत्तों के काटने की घटनाओं के चलते यहां लोगों ने अपने बच्चों का घर से निकलना तक बंद करवा रखा है।

श्री झूलेलाल सेवा समिति के चेटीचण्ड उत्सव का समापन

कोटा, (निसं)। श्री झूलेलाल सेवा समिति रामतलाई की ओर से चेट्रीचण्ड्र का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं, जुलूस में भाग लेने वाली झांकियो, छेज मंडलियों और स्वागत समितियो का सम्मान भक्ति संगीत कार्यक्रम के साथ किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी पुष्पा हरवानी और कोटा विश्वविद्यालय के मुख्य लेखा अधिकारी भगवान करमचंदानी, श्री सिंधी जनरल पंचायत कोटा के अध्यक्ष और संत कंवर राम धर्मशाला प्रबंधक समिति के अध्यक्ष गिरधारी पंजवानी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन भारत सरकार के पूर्व निदेशक किशन रतनानी ने किया। श्री झूलेलाल सेवा समिति के अध्यक्ष सतीश गोपालानी, सलाहकार मुरलीधर अलरेजा, समिति के महामंत्री हरि प्रकाश पंजवानी, उपाध्यक्ष बसंत वालेचा, ऑडिटर संतोष करमचंदानी, समिति के सांस्कृतिक मंत्री जय कुमार चंचलानी, समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश दयानी आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। भक्ति संगीत का कार्यक्रम गायक रमेश एण्ड पार्टी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कोटा में सिंधी समाज के द्वारा चेटीचण्ड उत्सव का विधिवत समापन हुआ है।

मदनी एज्यूकेशन वेलफेयर समिति ने नि:शुल्क जनाजा मिनी वाहन सेवा शुरू की

कोटा, (निसं)। मदनी वेलफेयर समिति की जानिब से संचालित दूसरे नि:शुल्क जनाजा वाहन का कोटा शहर काजी जुबेर अहमद अंजुमन इस्लामिया के सदर सलीम खान द्वारा उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मदनी वेलफेयर सोसाइटी के सदर अब्दुल कय्यूम, ने बताया मदनी वेलफेयर समिति ने मुस्लिम समाज के लिए नि:शुल्क जनाजा उठाने के लिए वाहनसेवा शुरू की, जो आज भी जारी है। समिति की शुरूआत 2004 में हुई थी। 2022 में कोरोना काल में मौतों की संख्या बढ़ने पर समिति ने जनाजा उठाने के लिए निशुल्क वाहन की सेवा शुरू की। शहर में अब तक 800 से अधिक जनाजे उठाए जा चुके हैं। लेकिन अब शहर में मदनी वेलफेयर सोसायटी द्वारा निरंतर यह सेवा दी जा रही है। एक माह में करीब 50 से 60 जनाजे समिति उठाकर विधिवत दफनाने का कार्य करती है। इस में एक गाड़ी और जोड़ी गई है अब दो जनाजा वाहन हो गए है इस से लोगों को अधिक सुविधाएं मिलेगी। मोहम्मद रफीक, शेर खान, मोहम्मद शफीक, अब्दुल रशीद खिलजी, सगीर मिर्जा, साबिर मुल्तानी, मोहम्मद अजहर, अलादीन, शब्बीर, राजू लाईट, समीउद्दीन एडवोकेट, इरशाद मलिक, अब्दुल मतीन, मोहम्मद अली, बब्बू, जहीर अहमद, अनवर कुरैशी, वार्ड पार्षद सोनू अब्बासी, पूर्व पार्षद सलीम, रहीम, अब्दुल रज़्ज़ाक़, साबिर सेल्स टैक्स, जाकिर, जमील, फिरोज खान, रमजानी, इलियास, सज्जी, अफजल, बुल्ला, सईद, अलाउद्दीन खान, रशीद चादर वाले, सलीम शेरी रिजवान, आबिद हुसैन एवं समाज के अन्य गणमान्यजन की उपस्थित रहे।

सार-समाचार

दो साइकिल चोरी

कोटा, (निसं)। कोटा शहर में इन दिनों चोरों का बड़ा आतंक है। आजकल चोरों में पुलिस का कोई खौफ भी नजर नहीं आ रहा। और ना ही उनमें सीसीटीवी में कैद होने का कोई डर है। ऐसा इसलिए भी कहा जा सकता है कि कई मामलों में पुलिस रिपोर्ट तो दर्ज कर लेती है लेकिन चोरों को पकड़ने में दिलचस्पी नहीं दिखाई इसलिए चोरों के हौसले काफी बुलंद हो रहे हैं। दादाबाड़ी जैन मंदिर के यहां कई चैन स्केचिंग की घटनाएं हो चुकी। कुछ ऐसा ही चोरों का बेखौफ होकर साईकिल चुराने का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रहा है। दादाबाड़ी स्थित नसियाजी जैन मंदिर में दो चोर जैन पाठशाला में पढ़ाई करने वाले बच्चों की दिनदहाड़े दो साईकिल है चुरा कर ले गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है। सीसीटीवी में दिखाई दे रहे इन चोरों में कोई डर नाम की चीज नजर नहीं आ रही। चोर आराम से आए और आराम से ही दो साईकिल है उठाकर ले गए। इन चारों के पीछे कोई मास्टरमाइंड माइंड गेग़ का हाथ होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता नसियाजी जैन मंदिर के अध्यक्ष जम्बू जैन सराफ ने बताया कि घटना रविवार सुबह की है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी देखने पर लग रहा है कि कर दादाबाड़ी के आसपास के क्षेत्र के ही लग रहे हैं। और दोनों चोरों की सीसीटीवी में तस्वीर पूरी तरह से साफ नजर आ रही है। उन्होंने बताया कि पहले भी यहां पर चोरी की घटनाएं हो चुकी है। पुलिस के उच्च अधिकारियों को सूचना दी जा चुकी है उन्होंने शीघ्र ही ठोस कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

दीक्षांत समारोह संपन्न

रामगंजमण्डी, (निसं)। विद्या भारती द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर शिशु वाटिका विद्यालय रामगंजमण्डी में शनिवार को कक्षा पंचम के भैया-बहिनों का दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य गणेश कुमार राठौर ने बताया कि विद्यालय में कक्षा पंचम के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि डॉ.देवीलाल प्रजापति समाजसेवी व कार्यक्रम की अध्यक्षता नर्मदा शंकर पुरोहित (आदर्श विद्या मंदिर प्रबंध समिति सदस्य) विद्यालय के कक्षा पंचम के सभी भैया-बहिनों को विद्यालय द्वारा प्रतीक चिन्ह व छायाचित्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के कौशल, रूद्रप्रताप व चान्सी, गुंजन व आराध्या सहित आदि ने अपने-अपने अनुभव प्रकट किए। कक्षा अरुण से पंचम तक के सभी भैया-बहिनों का भोजन मुख्य अतिथि देवीलाल प्रजापति की ओर से करवाया गया व आभार व्यक्त प्रबंध समिति के सचिव विपिन जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के सदस्य मोहनलाल राठौर, आचार्य भगवान सिंह सोलंकी व मूलचंद सहित आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्तीर्ण हुए आचार्य दुष्यंत कुमार, महेन्द्र कुमार, आचार्या दुर्गा कुमारी व सविता राठौर आदि को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य महेंद्र श्रृंगी ने किया।

बाल विवाह रोकने एवं बेटी बचाओ बेटी बचाओ की शपथ दिलाई

कोटा, (निसं)। वुमन वेलफेयर आर्गेनाइजेशन ऑफ वर्ल्ड की कोटा शाखा द्वारा अपनी सहयोगी संस्थाओं यूनिकल्चर ट्रस्ट ऑफ इंडिया एवं सोसायटी हेज़ ईव के साथ नवमी पर हर वर्ष की भांति कन्या पूजन और वंचित वर्ग की महिलाओं को नि:शुल्क परिधान वितरण का कार्यक्रम टीलेश्वर महादेव मंदिर के पास घोड़ा बस्ती में आयोजित किया गया प्रोजेक्ट डायरेक्टर अनिता वाघेला ने बताया कि वंचित वर्ग की महिलाओं और बालिकाओं को पूजन करके नि:शुल्क परिधान वितरण एवं बालिकाओं को शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर वूमन वेलफेयर आर्गेनाइजेशन ऑफ वर्ल्ड की अध्यक्ष नीतू मेहता भटनागर ने बस्तीवासीयों को भविष्य में हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया गया तथा सभी बस्ती वासियों को बेटी पढ़ाओं बेटी बचाओं एवं बाल विवाह रोकने की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर संस्था के राकेश पुरुस्वानी, दीपू राजी, डॉ.प्रीति राठौड़, डॉ.ज्योति खटवानी और गौरव भटनागर का आयोजन में विशेष सहयोग रहा।

रक्तदान शिविर 125 यूनिट रक्त एकत्रित

कोटा, (निसं)। लायंस क्लब कोटा, प्रान्त 3233 ई-2 द्वारा एस.आर.पब्लिक स्कूल, गोविंदनगर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस जनकल्याणकारी कार्यक्रम में शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मानव सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। इस शिविर में कुल 125 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम में लायन आनंद राठी का विशेष सहयोग सराहनीय रहा। रक्तदान करने वालों में क्लब के सदस्य ही नहीं, बल्कि उनके परिजन भी सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए। लायंस क्लब अध्यक्ष प्रमोद विजय, शिव नुवाल, अनिल माहेश्वरी के पुत्र-पुत्रवधु तथा अशोक नुवाल के पुत्र ने भी स्वयं रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने हेतु आनंद राठी प्रोत्साहित किया गया।इस अवसर पर सी.पी. विजयवर्गीय, अजय गुप्ता, अनिल माहेश्वरी, भारती डागा, शिव नुवाल, प्रमोद विजय, अशोक नुवाल, आनंद राठी कई सदस्य उपस्थित रहे।

महिला मंडल ने गणगौर महोत्सव मनाया

कोटा, (निसं)। अग्रवाल समाज रामपुरा महिला मंडल द्वारा रविवार को गणगौर महोत्सव का आयोजन किया गया। अध्यक्ष सुषमा गुप्ता और महामंत्री नीलू अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन धर्मशाला अग्रसेन बाजार में पारंपरिक रूप से गणगौर का टूटीया का आयोजन किया गया। जिसमें संतोष गुप्ता और सरिता सिंघल ईशर गणगौर बने। खूब नाच गाने के साथ महोत्सव मनाया गया। प्रतिभा गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर सभी को स्वादिष्ट नाश्ता बांटा गया। सरिता जैन, मधु मित्तल, अंजू गुप्ता, कुसुम गुप्ता, सुनीता गुप्ता, इंदिरा जैन और शोभा मित्तल आदि का सहयोग रहा।

शुभम् ग्रुप के दो टाउनशिप में वैदिक मंदिरों का भूमि पूजन संपन्न

कोटा, (निसं)। शुभम् ग्रुप के लिए रविवार का दिन एक ऐतिहासिक पड़ाव साबित हुआ, जब उनके दो प्रमुख परियोजना स्थलों-नार्थ एक्स टॉउनशिप, सोगरिया रेलवे स्टेशन के सामने और साउथ एक्स टॉउनशिप रायपुरा कैथून रोड, कोटा क्लब के पास में वैदिक मंदिरों का भूमि पूजन अत्यंत हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। प्रात:कालीन रामनवमी के मुहूर्त में शुरू हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में शुभम् ग्रुप के निदेशक दीपक राजवंशी, अरुण मेहता एवं गजेन्द्र सुमन ने परिवार सहित भाग लिया। विधि-विधान से संपन्न भूमि पूजन में वैदिक मंत्रोच्चार की पवित्र ध्वनि वातावरण में गूंजती रही। पंडित महावीर पराशर के कुशल मार्गदर्शन में हवन कार्य सम्पन्न हुआ, जिसमें सभी निदेशकों और गणमान्य अतिथियों ने आहुतियां दी।

इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए अरुण मेहता ने मंदिर निर्माण का उद्देश्य बताया। उन्होंने कहा, 'हमारा उद्देश्य केवल आवास निर्माण नहीं, बल्कि एक ऐसे समुदाय का निर्माण है जहां भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्य जीवंत रहें। ये मंदिर हमारे निवासियों के लिए न केवल पूजा-स्थल, बल्कि सामुदायिक एकता और सद्भाव के केंद्र होंगे।' प्रस्तावित मंदिरों में राम दरबार, शिव परिवार, राधा-कृष्ण और अंबे मां की भव्य मूर्तियां स्थापित की जाएंगी। मंदिर निर्माण पूरा होने के बाद वैदिक विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। वास्तुशास्त्र के सिद्धांतों पर आधारित इन मंदिरों का निर्माण परंपरागत शैली में किया जाएगा, जिसमें आधुनिक सुविधाओं का भी समावेश होगा। दौरान आकर्षण का केंद्र रहा भव्य भजन-कीर्तन, जिसमें स्थानीय निवासियों और आमंत्रित अतिथियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कई घंटों तक चले इस कीर्तन में भक्तिमय वातावरण में लोग झूमते और नाचते रहे।

दीपक राजवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा, 'जहां शुभम् ग्रुप है, वहां मंदिर भी हैं-क्योंकि हम सिर्फ छत नहीं, संस्कार भी देते हैं। हमारा मानना है कि एक आवासीय परियोजना तभी पूर्ण होती है जब वहां आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी समुचित व्यवस्था हो।' मंदिर परिसर में प्रतिदिन प्रात: और सायं आरती, सत्संग, धार्मिक अनुष्ठान और सामुदायिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विशेष पर्वों और त्योहारों पर विशेष आयोजन होंगे। स्थानीय निवासियों ने इस पहल का हार्दिक स्वागत किया है। एक निवासी सुमित्रा देवी ने कहा, 'हमारे टॉउनशिप में मंदिर का निर्माण हमारे लिए सौभाग्य की बात है। अब हमें पूजा-अर्चना के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और हमारे बच्चे भी संस्कारों से जुड़े रहेंगे।' शुभम् ग्रुप ने बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा और अगले 06 महीनों में इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह मंदिर न केवल टॉउनशिप के निवासियों बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए भी आस्था का केंद्र बनेगा। इस अवसर पर शुभम् ग्रुप ने वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया, जिसके तहत मंदिर परिसर में पारंपरिक और औषधीय महत्व के वृक्ष लगाए गए।

कोटा में शुभम ग्रुप का भूमि पूजन संपन्न हुआ है।

बकाया वेतन भुगतान की मांग, मजदूरों का धरना जारी

कोटा, (निसं)। 18 फरवरी से कोटा कलेक्ट्रेट पर बकाया वेतन भुगतान की मांग ओर मजदूरों के हित मे सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्य सरकार को वर्ष 2023 के आदेश को लागु कराने की मांग को लेकर चल रहे धरने का रविवार को 48 दिन हो चुके हैं। मजदूर नेता हबीब खान, उमाशंकर नरेंद्रसिंह ने आरोप लगाते हुए कहा की सीपीआईएम के सांसद कामरेड अमराराम कोटा मे चल रहे जेके फैक्ट्री के मजदूरो के धरने मे 8 अप्रैल को शामिल होने आ रहे जो मजदूरों की सभा को सम्बोधित करेंगे इसलिए कामरेड अमराराम की सभा को रोकने की कोशिश की जा रही है उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा मजदूर ओर किसान कोटा आएंग साथ मे अपने सैलाब लाएंगे।

मजदूर नेताओं ने कोटा शहर एवं जिले के सभी मजदूरों, किसानों, छात्र, नौजवानों, महिलाओं से अपील करते हुए कहा की जेके फैक्ट्री के मजदूरों को न्याय दिलाने ओर कोटा के विकास मे जेके फैक्ट्री को वापस चालू कराने की लड़ाई मे बढ़चढ़कर भाग लेकर अधिक से अधिक संख्या मे कोटा कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर मजदूरों किसानों एवं आमजन के नेता सीकर सांसद कामरेड अमराराम की सभा को सफल बनाए। सीटू के नेता 8 अप्रेल को कामरेड अमराराम की मौजूदगी में मुख्यमंत्री ओर राष्ट्रपति के नाम कोटा कलेक्टर को ज्ञापन भी देंगे।

राजस्थान सरकार
**कार्याल